प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 02.09.2025

- **थाना डेरापुर पुलिस द्वारा वाहन चैकिंग के दौरान 01 नफर अभियुक्त/अन्तरजनपदीय अपराधी को किया गया गिरफ्तार।**
- **अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध तमन्चा 12 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद हुए।**
- **अभियुक्त के विरुद्ध कानपुर देहात व आस-पास के जनपदों में लगभग 01 दर्जन अभियोग हैं पंजीकृत।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा आपराधिक घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 01.09.2025 को थाना डेरापुर पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान थाना डेरापुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 70/2025 धारा 314 बीएनएस में वांछित अभियुक्त/अन्तरजनपदीय अपराधी खबुल्ला उर्फ कल्लू पुत्र यासीन उर्फ आसीन निवासी ग्राम नौरंगाबाद लालपुर थाना रूरा जनपद कानपुर देहात को मय एक अदद तमंचा 12 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ दिनांक 01.09.2025 को समय 23.30 बजे मुंगीसापुर नहर कोठी पौधशाला के पास से गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त एक शातिर अन्तरजनपदीय अपराधी है जिसके विरूध्द थाना डेरापुर व थाना रूरा के अतिरिक्त जनपद कन्नौज व जनपद हमीरपुर में भिन्न भिन्न अभियोग पंजीकृत हैं तथा इस अपराधी के विरूध्द जनपद हमीरपुर व जनपद कन्नौज से गैंग0 एक्ट की कार्यवाही भी की गयी है। यह अपराधी अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर लूट/चोरी/टप्पेबाजी जैसी संगीन घटनाओं को अंजाम देता है।

अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना डेरापुर पर मु0अ0सं0 162/2025 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-पता-

खबुल्ला उर्फ कल्लू उर्फ इस्लाम पुत्र यासीन उर्फ आसीन उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम नौरंगावाद लालपुर थाना रूरा जनपद कानपुर देहात।

अभियुक्त से बरामदगी का विवरण-

एक अदद तमंचा 12 बोर व दो अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर

पूछताछ का विवरण-

अभियुक्त ने पूछताछ करने पर बताया कि मैने व शाहरूख जो मेरे गांव का ही निवासी है हम लोग मिलकर चोरी/लूट/टप्पेबाजी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। मैने और शाहरूख ने ठण्ड के मौसम में करीब सात आठ महीने पहले मुंगीसापुर में एक व्यक्ति को बातो में उलझाकर उसकी जेब से 80,000/- रूपये गायब कर दिये थे जो मैने और शाहरूख ने आपस में बांट लिये थे।

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 517/2017 धारा 147/323/504/506 भादवि0 व 3(1)10 SC/ST Act थाना रूरा जनपद कानपुर देहात,
2. मु0अ0सं0 109/2018 धारा 392/411 भादवि0 थाना रूरा जनपद कानपुर देहात,
3. मु0अ0सं0 253/2017 धारा 392/411 भादवि0 थाना मुस्करा जनपद हमीरपुर
4. मु0अ0सं0 302/2017 धारा 307 भादवि0 व 12/14 उ0प्र0 डकैती प्रभावी क्षेत्र अधि0 1983
5. मु0अ0सं0 304/2017 धारा 3/25 आयुध अधि0 थाना मुस्करा जनपद हमीरपुर,
6. मु0अ0सं0 24/2018 धारा 2(B)(ii)/3 गैंग0 एक्ट थाना मुस्करा जनपद हमीरपुर,
7. मु0अ0सं0 133/2016 धारा 420 भादवि0 थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज,
8. मु0अ0सं0 138/2016 धारा 21/22 NDPS Act थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज,
9. मु0अ0सं0 297/2016 धारा 3(1) गैंग0 एक्ट थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज,
10. मु0अ0सं0 70/2025 धारा 314 बीएनएस थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात,
11. मु0अ0सं0 162/2025 धारा 3/25 आयुध अधि0 थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात,

गिरफ्तार करने वाली टीम-

थाना डेरापुर पुलिस